GR

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–157/2025 437 /पटना, दिनांक– 12.1.26

संवेदक मेसर्स कुमार कान्त कन्स0, प्रो0:–शम्भूनाथ चौधरी (निबंधन संख्या:– 1150075), पता:– ग्राम+पो0–कोतवाली चौक, नियर डॉ0 प्रमोद तिवारी क्लिनिक, बेतिया, जिला–पश्चिमी चम्पारण, बिहार, पिन कोड–845483 को कार्य प्रमंडल, बेलसंड के अधीन PMGSY योजनान्तर्गत Construction of Road for CD Work Wirks With Maintenance Road Form Hajipur Bashant to Tilak Tajpur Path (Package No. BR-33R-117A) पथ का निर्माण कार्य आवंटित किया गया था। उक्त एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 17.11.2018 एवं समाप्ति की तिथि 16.11.2019 था।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा संदर्भित पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तद्‌लोक में एकरारनामा संख्या:–33SBD/2018-19 को विखंडित करते हुए एकरारनाम के दिए गए अग्रधन एवं जमानत की राशि को जब्त करते हुए संवेदक के उपर Certificate Case दायर करते हुए संवेदक मेसर्स कुमार कान्त कन्स0, प्रो0:–शम्भूनाथ चौधरी (निबंधन संख्या:– 1150075), को कालीसूची में सम्मिलित किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में संबंधित संवेदक से स्पष्टीकरण की मॉग की गयी। संवेदक से प्राप्त स्पष्टीकरण पर कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया कि विभागीय पत्रांक 197 अनु0 दिनांक 20.01.2022 द्वारा दिनांक 14.01.2022 को Empowered Standing Committee द्वारा दिनांक 31.03.2022 तक पुरी गुणवत्ता के साथ बिना किसी अतिरिक्त लागत के पूर्ण विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

उक्त आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में रिट याचिका सी0डब्लू0जे0सी0 संख्या:– 17680/2022 दायर किया गया। संदर्भित वाद में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 10.05.2024 को पारित न्यायादेश के तहत Empowered Standing Committee द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संवेदक को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए संदर्भित पथ का निर्माण दिनांक 31.12.2024 तक बिना किसी अतिरिक्त लागत के विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का निर्देश संवेदक मेसर्स कुमार कान्त कन्स0, प्रो0:–शम्भूनाथ चौधरी (निबंधन संख्या:– 1150075) को दिया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड को निर्देश दिया गया कि याचिकाकर्त्ता संवेदक के विरूद्ध की गई दंडात्मक कार्रवाईयों को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया जाय तथा बचे हुए कार्य को पूर्ण करने हेतु संवेदक को कार्य योजना एवं शपथ–पत्र प्राप्त कर निर्धारित विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाय। जिसके आलोक में संवेदक को पुनरीक्षित Work of Programme समर्पित करने हेतु संवेदक को निदेशित किया गया।

संवेदक को पुनरीक्षित Work of Programme समर्पित करने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड के पत्रांक 665 दिनांक 20.06.2024, पत्रांक 684 दिनांक 25.06.2024, पत्रांक 899 दिनांक 05.08.2024 एवं पत्रांक 1104 दिनांक 13.09.2024 द्वारा निदेशित किया गया परन्तु संवेदक द्वारा पुनरीक्षित Work of Programme समर्पित नहीं किया गया।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड के कार्यालय आदेश संख्याः–1421 दिनांक 01.11.2024 द्वारा एकरारनामा संख्याः– 32SBD/2018-19 को पुनः विखंडित किया गया।

नोडल पदाधिकारी, पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा उल्लेखित किया गया है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड द्वारा संदर्भित पथ के संवेदक मेसर्स कुमार कान्त कन्स0, प्रो0:–शम्भूनाथ चौधरी के एकरारनामा को सकारण आदेश संख्याः–1238 दिनांक 03.10.2024 द्वारा विखंडित किये जाने के पश्चात् पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर बचे हुए कार्यो को पूर्ण करने हेतु निविदा की प्रक्रिया के पश्चात् दिनांक 02.04.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में पैकेज संख्याः– BR-33R-117A- Hajipur Bishant Tilak Tajpur का कार्य न्यूनतम दर निविदाकार Suryaveer Infertech Private Limited को परिमाण विपत्र की दर से 0.50 प्रतिशत कम दर पर आवंटित किया गया।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में मेसर्स कुमार कान्त कन्स0, प्रो0:–शम्भूनाथ चौधरी (निबंधन संख्याः– 1150075), पताः– ग्राम+पो0–कोतवाली चौक, नियर डॉ0 प्रमोद तिवारी क्लिनिक, बेतिया, जिला–पश्चिमी चम्पारण, बिहार, पिन कोड–845483 के निबंधन संख्याः–1150075 को अगले 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

09.01.2026
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–157 / 2025 437 / पटना, दिनांक– 12.1.26

प्रतिलिपि– मेसर्स कुमार कान्त कन्स0, प्रो0:–शम्भूनाथ चौधरी, पताः– ग्राम+पो0–कोतवाली चौक, नियर डॉ0 प्रमोद तिवारी क्लिनिक, बेतिया, जिला–पश्चिमी चम्पारण, बिहार, पिन कोड–845483 को सूचनार्थ प्रेषित।

निबंधित

09.01.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–157 / 2025 437 / पटना, दिनांक– 12.1.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.01.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–157 / 2025 437 / पटना, दिनांक– 12.1.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

09.01.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–157 / 2025 437 / पटना, दिनांक– 12.1.26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.01.26
अभियंता प्रमुख